6th August, 2026

Ref. No.: 102239/S/O/L-1/2026-27

The Manager,
Listing / Market Operation,
National Stock Exchange of India Ltd.,
Exchange Plaza, Plot no. C/1, G Block,
Bandra – Kurla Complex,
Bandra (E),
Mumbai – 400 051

The Manager,
Corporate Relationship Department,
BSE Limited,
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
Mumbai – 400 001

NSE Code – ASAHIINDIA

BSE Code – 515030

Sub: Publication of Unaudited Financial Results for the quarter ended 30th June, 2026

Dear Sir / Madam,

Pursuant to provisions of Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith copy of Unaudited Financial Results of the Company for the quarter ended 30th June, 2026, as published in "Business Standard", all editions and "Veer Arjun", New Delhi on 6th August, 2026.

You are requested to kindly take the same on record.

Thanking you,

Yours truly,
For Asahi India Glass Limited,

GOPAL GANATRA
Digitally signed by GOPAL GANATRA
Date: 2026.08.06 14:45:43 +05'30'

Gopal Ganatra
Executive Director
General Counsel & Company Secretary
Membership No.: F7090

Encl.: As above

eClerx Services Limited

CIN : L72200MH2000PLC125319
Regd. Office : Sonawala Building, 1st Floor, 29, Bank Street, Fort, Mumbai - 400 023
Phone: +91 (22) 6614 8301, **Fax:** +91 (22) 6614 8655, **Email:** investor@eclerx.com, **Website:** www.eclerx.com

EXTRACT OF UNAUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2026

(Rupees in million, except per share data)

Particulars	Quarter ended			Year ended
	June 30, 2026	March 31, 2026	June 30, 2025	March 31, 2026
	(Unaudited)	(Audited)	(Unaudited)	(Audited)
Total income from operations	11,523.58	11,072.87	9,345.56	41,170.26
Net Profit for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	2,186.10	2,519.50	1,880.56	9,351.24
Net Profit for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	2,186.10	2,519.50	1,880.56	9,351.24
Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	1,642.42	1,896.51	1,415.50	7,064.69
Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	2,219.43	1,721.57	1,828.18	7,403.87
Paid up equity share capital (Face value of Rs. 10 each, fully paid up)	919.49	920.30	469.90	920.30
Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in Audited Balance Sheet of the previous year				24,693.68
Earnings per share (EPS) (for continuing and discontinued operations) (of Rs. 10 each) (Not annualised)				
Basic	17.86	20.47	15.08	76.23
Diluted	17.61	20.04	14.82	74.42

Extract of Unaudited Standalone Financial Results for the quarter ended June 30, 2026

Particulars	Quarter ended			Year ended
	June 30, 2026	March 31, 2026	June 30, 2025	March 31, 2026
	(Unaudited)	(Audited)	(Unaudited)	(Audited)
Total income from operations	7,821.13	7,659.83	6,650.84	28,584.54
Profit before tax	1,773.56	1,715.55	1,248.85	6,119.99
Profit after tax	1,327.83	1,290.08	929.17	4,580.08

Note :

1. The above is an extract of the detailed format of the unaudited Consolidated Financial Results for the quarter ended June 30, 2026 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the un-audited financial results are available on the Stock Exchanges websites, **www.bseindia.com** and **www.nseindia.com** and on the Company's website **www.eclerx.com**.

For and on behalf of Board of Directors
Sd/-
Kapil Jain
Managing Director & Group CEO

Place : Mumbai
Date : August 5, 2026

ASAHI INDIA GLASS LIMITED

CIN: L26102DL1984PLC019542
Registered Office: A-2/10, 1st Floor, WHS DDA Marble Market, Kirti Nagar, Mansarover Garden, New Delhi - 110015, **Phone:** (011) 49454900
Corporate Office: 3rd & 11th Floor, Tower D, Global Business Park, Mehrauli - Gurugram Road, Gurugram – 122 002 (Haryana)
Phone: (0124) 4062212-19 ; **Fax:** (0124) 4062244/88
Email: investorrelations@aisglass.com, **Website:** www.aisglass.com

UNAUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE FIRST QUARTER ENDED 30TH JUNE, 2026

(Rs. Lakhs)

S. No.	Particulars	Quarter ended	Year ended	Quarter ended
		30.06.2026	31.03.2026	30.06.2025
		Unaudited	Audited	Unaudited
1	Total Income from Operations	1,41,914	5,03,103	1,23,951
2	Net Profit for the period (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary items)	20,265	47,053	7,577
3	Net Profit for the period before tax (after Exceptional and / or Extraordinary items)	20,265	45,879	7,577
4	Net Profit for the period after tax (after Exceptional and / or Extraordinary items)	14,908	34,506	5,479
5	Total Comprehensive Income for the period [comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	14,946	34,642	5,562
6	Equity Share Capital	2,549	2,549	2,431
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year		3,90,660	
8	Earnings Per Share (of Re. 1/- each) (for continuing and discontinued operations) (not annualised)			
	(a) Basic	5.85	13.82	2.31
	(b) Diluted	5.85	13.82	2.31

KEY STANDALONE FINANCIAL INFORMATION FOR THE FIRST QUARTER ENDED 30TH JUNE, 2026

(Rs. Lakhs)

S. No.	Particulars	Quarter ended	Year ended	Quarter ended
		30.06.2026	31.03.2026	30.06.2025
		Unaudited	Audited	Unaudited
1	Total Income from Operations	1,32,650	4,71,978	1,15,617
2	Profit before tax	20,398	44,859	7,239
3	Profit after tax	15,145	32,994	5,337

1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the websites of BSE and NSE at www.bseindia.com & www.nseindia.com respectively and on company's website at www.aisglass.com.
2. The above financial results have been reviewed by the Audit & Risk Management Committee on 4th August, 2026 and approved by the Board of Directors at their meeting held on 5th August, 2026.
3. The financial results of the Company have been prepared in accordance with Indian Accounting Standards ("Ind AS") notified under the Companies (Indian Accounting Standards) (Amendment) Rules, 2015 as amended by the Companies (Indian Accounting Standards) (Amendment) Rules, 2016, recognition and measurement principles in Ind AS 34 Interim Financial Reporting prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with rules issued thereunder and the other accounting principles generally accepted in India.

Scan the QR Code to view the results on the website of the Company

For and on behalf of the Board of Directors
Sanjay Labroo
Chairman & Managing Director

Place: Gurugram
Date: 5th August, 2026

Balaxi Pharmaceuticals Limited

Registered Office: Plot No.409, H. No. 8-2-293, Maps Towers, 3rd Floor, Phase-III, Road No. 81, Jubilee Hills, Hyderabad, Telangana, India - 500096.
CIN: L25191TG1942PLC121598 | Phone: +91 40 23555300 | Email: secretarial@balaxi.in | Website: www.balaxipharma.in

EXTRACT OF UNAUDITED STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2026

(Rs. in Lakhs, unless specified)

Sl. No.	Particulars	Standalone				Consolidated			
		Quarter ended 30/06/2026	Quarter ended 31/03/2026	Quarter ended 30/06/2025	Year ended 31/03/2026	Quarter ended 30/06/2026	Quarter ended 31/03/2026	Quarter ended 30/06/2025	Year ended 31/03/2026
		Unaudited	Audited	Unaudited	Audited	Unaudited	Audited	Unaudited	Audited
1	Total Income from Operations	1,649.99	2,360.65	1,717.04	9,051.83	7,968.97	7,363.10	6,896.55	27,299.47
2	Net profit/(loss) for the period (before tax, exceptional* and/or extraordinary items)	(111.65)	41.35	25.83	703.28	208.92	140.26	90.34	529.26
3	Net profit/(loss) for the period before tax (after exceptional* and/or extraordinary items)	(111.65)	41.35	25.83	703.28	208.92	140.26	90.34	529.26
4	Net profit/(loss) for the period after tax (after exceptional* and/or extraordinary items)	(125.32)	15.80	19.49	514.68	129.74	61.28	29.01	141.69
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising profit/(loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)]	(125.32)	15.80	19.49	514.68	404.18	905.40	137.28	1,734.00
6	Paid-up Equity Share Capital [Face value of Rs. 2 each]	1,104.15	1,104.15	1,104.15	1,104.15	1,104.15	1,104.15	1,104.15	1,104.15
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as per the Audited Balance Sheet of the previous year				12,195.84				23,803.48
8	Earnings Per Share (of Rs.2/- each) 1. Basic (amount in Rs.)	(0.23)	0.03	0.04	0.93	0.24	0.11	0.05	0.26
	2. Diluted (amount in Rs.)	(0.23)	0.03	0.04	0.93	0.24	0.11	0.05	0.26

Notes:

a) The above is an extract of the detailed format of Financial Results for the quarter ended June 30, 2026, filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Statement of Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results is available on the website of the Stock Exchange at www.nseindia.com (NSE) and on the Company's website at www.balaxipharma.in.

b) The above Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their meetings held on 05th August, 2026. The said Financial Results are prepared in accordance with the Indian Accounting Standards (Ind AS) as prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013.

For and on behalf of the Board of Directors
Balaxi Pharmaceuticals Limited

Ashish Maheshwari
Managing Director
DIN: 01575984

Place: Hyderabad
Date: 05th August, 2026

TATA INVESTMENT CORPORATION LIMITED

Elphinstone Building, 10 Veer Nariman Road, Mumbai 400 001.
Tel 91 22 6665 8282 Fax 91 22 6665 7917
CIN: L67200MH1937PLC002622 e-mail ticl@tata.com website: www.tatainvestment.com

Statement of Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results for the Quarter ended 30th June, 2026

(Rs. in crores)

	Particulars	Standalone				Consolidated			
		Quarter ended			Year Ended	Quarter ended			Year Ended
		Unaudited			Audited	Unaudited			Audited
		30-06-2026	31-03-2026	30-06-2025	31-03-2026	30-06-2026	31-03-2026	30-06-2025	31-03-2026
1.	Total Income	209.35	56.37	171.17	426.34	152.11	42.16	146.17	403.47
2.	Net Profit for the period before Tax	197.36	46.34	159.62	383.20	181.06	57.93	167.92	474.08
3.	Net Profit for the period after Tax	163.89	52.08	139.22	350.16	143.51	63.83	146.30	433.68
4.	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit after tax and Other Comprehensive Income (after tax)]	4,328.76	(3,788.62)	3,770.37	(1,818.67)	4,308.85	(3,776.45)	3,777.56	(1,733.01)
5.	Equity Share Capital	50.60	50.60	50.60	50.60	50.60	50.60	50.60	50.60
6.	Earnings Per Share (of Re. 1/- each) Basic / Diluted (in Rs.)	3.24	1.03	2.75	6.92	2.84	1.26	2.89	8.57

Notes:

1.

	As on		
	30-06-2026	31-03-2026	30-06-2025
Total Equity (post tax) (Rs. in crores)	**33,163.25**	**28,834.49**	**34,560.14**
Total Equity per share (post tax)	655.50	569.90	683.10

2. The above is an extract of the detailed format of quarter ended Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarter ended Financial Results are available on the Stock Exchange websites at www.bseindia.com and www.nseindia.com and also on Company's website www.tatainvestment.com. The same can be accessed by scanning the QR code provided below.

Tata Investment Corporation Limited
(Noel N. Tata)
Chairman
DIN 00024713

Mumbai, 4th August, 2026

Key Financial Highlights (Growth in %)

REVENUE		EBITDA		PAT	
Q1 FY27	Growth of 13% YoY	Q1 FY27	Growth of 21% YoY	Q1 FY27	Growth of 11% YoY
FY 2026	Growth of 18% YoY	FY 2026	Growth of 29% YoY	FY 2026	Growth of 28% YoY

Statement of unaudited financial results for the quarter ended 30 June 2026

(₹ In Lakhs unless otherwise stated)

S. No.	Particulars	Quarter Ended			Year Ended
		30 June 2026	31 March 2026	30 June 2025	31 March 2026
		Unaudited	Unaudited (Note 5)	Unaudited	Audited
1	Total Income from Operations	18,177.13	25,690.26	16,102.40	86,208.47
2	Net Profit for the period (before tax, Exceptional and Extraordinary items)	2,080.85	3,856.07	1,909.92	12,616.71
3	Net Profit for the period before Tax (after Exceptional and Extraordinary items)	2,080.85	3,856.07	1,909.92	12,616.71
4	Net Profit for the period (after Tax, Exceptional and Extraordinary items)	1,632.74	2,923.46	1,467.20	9,575.30
5	Total Comprehensive Income for the period (after tax)	1,634.44	2,942.43	1,367.86	9,537.51
6	Equity share capital (Face Value of Rs. 2/- each)	1,672.76	1,672.76	1,672.76	1,672.76
7	Reserves excluding revaluation reserves				46,128.81
8	Earnings Per Share (EPS) in ₹ (Not Annualized)				
	(a) Basic	1.95	3.50	1.75	11.45
	(b) Diluted	1.95	3.50	1.75	11.45

Notes:

1 The above is an extract of the detailed format for the Quarter ended June 30, 2026. Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarter ended are available on the Stock Exchange websites (www.bseindia.com & www.nseindia.com) and on the Company's website www.cantabilinternational.com and also use the following link :
NSE-https://www.nseindia.com/get-quotes/equity?symbol=CANTABIL
BSE-https://www.bseindia.com/stock-share-price/cantabil-retail-india-ltd/cantabil/533267/financials-results/
Company Website-http://www.cantabilinternational.com/investor_annual&quarterlyresult.html

2 The financial results for the quarter ended 30 June 2026 have been reviewed and recommended for approval by the Audit Committee and accordingly approved by the Board of Directors of Cantabil Retail India Limited ("the Company") at their respective meetings held on 05 August 2026,and have been reviewed by the Statutory Auditors of the Company.

3 These financial results have been prepared in accordance with Indian Accounting Standards ('Ind AS') prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013 read with relevant rules thereunder and in terms of Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (as amended).

4 The business activities of the Company predominantly falls within a single primary business segment viz. "Retail", accordingly there are no separate reportable business segments as per Ind AS 108 "Operating Segments".

5 The figures for the quarter ended 31 March 2026 are the balancing figures between the audited figures for the full financial year and the unaudited figures upto the nine months ended 31 December 2025, which were subject to limited review by the statutory auditors.

6 The Board of Directors in their meeting held on 05 August 2026 have approved a payment of final dividend of ₹ 0.75 (Rupee seventy five paisa only) per equity share of the face value of ₹ 2 each for the financial year 2025-2026, subject to the approval of equity shareholders in ensuing annual general meeting of the Company.

For Cantabil Retail India Limited
Sd/-
(Vijay Bansal)
Chairman & Managing Director
DIN 01110877

Place: New Delhi
Date: 05 August 2026

CANTABIL RETAIL INDIA LIMITED

Regd. Office: C-12, Lawrence Road Industrial Area, Delhi - 110035
CIN: L74899DL1989PLC034995, Website: www.cantabilinternational.com
Tel : +91-11-41414188, Email: info@cantabilinternational.com

केंद्र सरकार को पिछले छह महीने में 15 लाख से अधिक जन शिकायतें मिलीं: कार्मिक राज्य मंत्री

नई दिल्ली, (भाषा)। सरकार ने बुधवार को संसद को बताया कि इस साल जनवरी से 15 जुलाई के बीच 15 लाख से अधिक जन-शिकायतें मिली हैं। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि सरकार ने लोक शिकायत निवारण की क्षमता, गुणवत्ता और जवाबदेही को बेहतर बनाने के लिए केन्द्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीग्रैम्स) को मजबूत करने के संबंध में कई कदम उठाए हैं। इनमें 10 चरणों में सुधारों को लागू करना और अगस्त 2024 में शिकायतों के प्रभावी समाधान के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी करना शामिल है। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल का मकसद शिकायत निवारण के समय को 30 दिन से घटाकर 21 दिन करना और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समीक्षा बैठक व्यवस्था शुरू करना था। सिंह ने कहा, साल 2026 में (1 जनवरी से 15 जुलाई 2026 तक), सीपीग्रैम्स पर 15,20,576 जन-शिकायतें मिलीं और केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों के लिए सीपीग्रैम्स पर शिकायतों के समाधान का औसत निस्तारण समय 13 दिन था। एक अन्य सवाल के लिखित जवाब में उन्होंने कहा कि डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (जीवन प्रमाण) ने आधार-आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण और पेंशन देने वाले अधिकारियों के पास रिकॉर्ड के सिस्टम-आधारित अपडेट के जरिए सालाना जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया को आसान बना दिया है।

संसद के मानसून सत्र के दौरान केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह लोकसभा में बोलते हुए। (एएनआई)

मानव-वन्यजीव संघर्ष से निपटने के लिए संतुलित दृष्टिकोण जरूरी: भूपेंद्र

नई दिल्ली, (भाषा)। पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को कहा कि मानव-वन्यजीव संघर्ष की चुनौती से निपटने के लिए वैज्ञानिक प्रबंधन, संस्थागत समन्वय, प्रौद्योगिकी आधारित निगरानी और स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी वाले संतुलित दृष्टिकोण की जरूरत है। यादव ने यह टिप्पणी पर्यावरण मंत्रालय की संसदीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में की। यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में लोगों और वन्यजीवों के बीच बचाव, जोखिम कम करने और दीर्घकालिक सह-अस्तित्व को मजबूत करने के लिए आवश्यक उपायों पर चर्चा की गई। बैठक में समिति को तमिलनाडु के कोयंबटूर में मानव-वन्यजीव संघर्ष पर उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के बारे में जानकारी दी गई।

संसद परिसर में विपक्ष का मार्च, गृह मंत्री से सदन में आकर जवाब देने की मांग की

नई दिल्ली, (भाषा)। अयोध्या स्थित राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी, प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में और जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग करते हुए विपक्षी दलों ने बुधवार को संसद परिसर में मार्च निकाला।

विपक्षी नेताओं ने छात्रों पर कार्रवाई के मामले में सरकार की जवाबदेही तय किए जाने की जरूरत बताते हुए गृह मंत्री अमित शाह से संसद में आकर बयान देने की मांग की। यह मार्च संसद परिसर में स्थित प्रेरणा स्थल पर महात्मा गांधी की प्रतिमा से शुरू होकर संसद भवन के मकर द्वार तक निकाला गया। मार्च में शामिल सांसदों ने हाथों में एक बड़ा बैनर पकड़ रखा था, जिस पर अमित शाह जवाब दो लिखा हुआ था। प्रदर्शन के दौरान विपक्षी सांसदों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और इन मुद्दों पर सरकार पर जवाबदेही से बचने का आरोप लगाया। इस मार्च में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव सहित विभिन्न विपक्षी दलों के अनेक सांसद शामिल हुए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संवाददाताओं से कहा कि विपक्ष की मांग स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सदन में आकर अपना पक्ष रखें। उन्होंने कहा, हमारी मांग यही है कि प्रधानमंत्री मोदी जी और गृह मंत्री अमित शाह सदन में आएं। वो अपना बयान दें, हम चर्चा करने को तैयार हैं। चर्चा से ही हल निकलेगा। सदन शुरू हुए काफी दिन हो गए हैं। उन्हें आना चाहिए। सदन में न आकर वो संसद का अपमान कर रहे हैं। खरगे ने कहा कि विपक्ष लगातार सदन में चर्चा चाहता है, लेकिन सरकार इस पर सहमत नहीं हो रही है। उनका कहना था कि जब संसद जनता के मुद्दों पर जवाबदेही तय करने का सर्वोच्च मंच है और सरकार को वहां अपनी बात रखनी चाहिए।

Public Notice

To be known to all that I, Amrit Lal, S/o Late Shri Gulab Chand, House no. 3489, First Floor, Gali Kartar Singh, Sindhi Gurudwara, Arya pura, Subji Mandi, Roshan Ara Road, Delhi-110007 joint owner of Shop No. 418/D, New Sabzi Mandi Azadpur Delhi has applied for conversion of the aforesaid shop form leasehold that the original document of Allotment Letter, Position Letter Demand Letter, Payment Receipt, C Form & D Form have been lost An FIR Vide LR No. 491888/2026 against this effect has been lodged in Crime Branch Police Station Delhi. Any person claiming any right, Interest, having any objection of found in possession of original documents may write contact with above named person at above address/phone No. 9811077418 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, Interest, objection with respect to the property can personally inform or write to Dy. Director (CL) or Director (CL), A-Block, 2nd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi-110023.

In The Court of
Sh. Vikram, District Judge-01/ PO. MACT, (North West) Room No. 211, Rohini, Delhi.
Proclamation Requiring Attendance of Desfendant (Order 5. Rule 20 of the Code of Civil Procedure)
MACT No. 1188/2024
Jyoti
Vs
Ashish Kumar
To,
Respondent No.1
Respondent No. 3/Driver Manoj S/o Sh. Dori Lal, R/o Ukurri, Salempur, Bibi, Kasganj, UP.
Whereas you are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on the 19.09.2006, the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-party.
Given under my hand the seal of the court, this 4th **August 2026.**
Seal Sd/-
District Judge-01/ PO. MACT, (North West) Rohini, Delhi.

Citation Under Section 271 of The Indian Succession Act
In The Court of
Sh. VirenderNegi, District Judge -05, (Central) Room No.317, Tis Hazari Courts, Delhi-54.
Probate Case No.33/2026
Anil Kumar Gupta
Versus
State&Ors.
N.D.O.H.: -20-08-2026
Whereas an petition under Section 276/278 of the Indian Succession Act, 1925 for grant of Probate/Letter of Administration in respect of the Estate of deceasedLateDr. Mahabir Prasad Gupta S/o Late ChanderBhan, R/o H. No. 16/7764, Plot No.18-B/1, DeshBandhuGupta Marg, Dev Nagar, Karol Bagh, New Delhi. Who died on 07/06/1987 at Dayton Ohio has been made by(1).Anil Kumar Gupta S/o Late Mahabir Prasad Gupta R/o 18-B/1, DeshBandhu Gupta Marg, Dev Nagar, Karol Bagh, New Delhi.
Whereas the **20-08-2026** has been fixed for hearing of the case, notice is hereby given so that any person having any interest in the Probate/Letter of Administration of the estate of the said deceased if he/she desire to be heard shall appear before this court on 20-08-2026before the grant of letter of Administration.
Given under my hand the seal of this court on this **27th day ofJuly, 2026.**
Seal Sd/-
District Judge-05, Central, Tis Hazari Courts, Delhi.

छात्रों के खिलाफ हिंसा के लिए शाह जिम्मेदार, संसद में जवाब देने का साहस नहीं : राहुल

नई दिल्ली, (भाषा)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) का प्रश्नपत्र लीक होने के विरोध में हाल में हुए आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले कुछ युवाओं से बुधवार को मुलाकात की और आरोप लगाया कि छात्रों के खिलाफ हुई हिंसा के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जिम्मेदार हैं।

गांधी ने इन युवाओं के संग संवाददाताओं के साथ बातचीत में दावा किया कि गृह मंत्री में यह बुनियादी शिष्टाचार और साहस नहीं है कि 20 जुलाई को छात्रों के खिलाफ हुई हिंसा के मामले पर संसद में पहुंचकर जवाब दें।मुंबई की रिया अहीर, जंतर मंतर के विरोध प्रदर्शन में शामिल रहीं मुस्कान शर्मा, उत्तर प्रदेश की फरहा नाज, झारखंड की नूतन टप्पो तथा कुछ अन्य युवाओं से राहुल ने मुलाकात की।राहुल गांधी ने कहा, छात्रों के खिलाफ हुई हिंसा के लिए भारत के गृह मंत्री जिम्मेदार हैं। उनमें न तो संसद में आकर इस मुद्दे पर बोलने का शिष्टाचार है और न ही यह बताने का साहस कि आखिर क्या हुआ। उन्होंने कहा, इस मामले में दो ही संभावनाएं हो सकती हैं। पहली, उन्हें (शाह) यह जानकारी नहीं थी कि बच्चों के खिलाफ हिंसा हुई है। ऐसी स्थिति में वह अक्षम है। दूसरी, यदि उन्होंने बच्चों के खिलाफ पैलेट गन के इस्तेमाल का आदेश दिया, तो ऐसी स्थिति में वह दोषी है। राहुल गांधी ने कहा कि दोनों ही स्थितियों में गृह मंत्री जिम्मेदार है।उन्होंने दावा किया कि युवाओं ने उन्हें बताया कि उनके साथ मारपीट की गई, उन्हें प्रताड़ित किया गया और धमकियां दी गईं।उन्होंने कहा, मुझे इन युवाओं और उन हजारों नौजवानों पर गर्व है, जिन्होंने संविधान, भारत की अवधारणा और देश के भविष्य की रक्षा के लिए आवाज उठाई। शिक्षा व्यवस्था की खामियों और उसकी विफलताओं के खिलाफ आवाज उठाना कोई अपराध नहीं है। राहुल गांधी ने कहा कि देश को बेहतर शिक्षा व्यवस्था, परीक्षा प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं पर रोक और युवाओं के सुरक्षित भविष्य की जरूरत है।

Publication
In The Court of
Sh. Ajay Singh Parihar, Administrative Civil Judge-Cum-Commercial Civil Judge-Cum-Addl. Rent Controller, (North District) Room No. 215, Rohini Courts, Delhi.
SCC No.48/2026.
Usha Novil
V/s
State
NDOH: 06/10/2026
Usha Novil D/o Late Sh. Dinanath Vimal, R/o 2504, Tower B-6, Sector-121, Noida, Gautam Budh Nagar, U.P.-201307.And Ors.
V/s
State Ors.
For Succession Certificate Under Succession Act-1925
All concerned whereas in the above noted petition the applicant/petitioner has applied for Succession Certificate from the Hon'ble Court under Section 372 of the Indian Succession Act-1925 in respect of the amount & assets which is lying in the name ofDeceased Late Sh. Ajay Vimal Expired on 06.01.2026 R/o F-504, Metro Vihar, Mukandpur Metro Depot, Arihant Marg, Majlis Park Metro Station, Model Town, Azadpur, Delhi-110033.
Whereas **06/10/2026 at 10 o'clock** in the forenoon has been fixed for hearing.
The application notice is hereby given under my hand and seal of the court this on**11/06/2026.**
Seal Sd/-
Admn. Civil Judge-Cum Ccj-Cum-Arc (North) Rohni Courts, Delhi.

Publication
In The Court of
Ms. Kiran Gupta, District Judge-02, (N/W), Room No. 317, Third Floor, Rohini Courts, Delhi.
Case No. PC/32/2026
Sunita Devi ......Petitioner
Verses
The State .....Respondent
To,
Citation Under Section 276of The Indian Succession Act,1925
Whereas an application under the Indian Succession Act, 1925 for grant of probate of the Will or for letter of administration to the estate of Late Sh. Amar Singh S/o Sh. Hari Singh R/o H. No.60, Gali No.4, Guru Yogi Raj Puram, Rani Kheda, North-West, Distt., Delhi-110081.
Diedon 11-08-2022at New Delhi has been made by petitioners namely Smt. Sunita Devi W/o Late Sh. Amar Singh R/o Plot No.60, GAli No.60, Gali No.4, Guru Yogi Raj Puram, Rani Kheda, Delhi-110081.
Whereas the **02nd of November, 2026** has been fixed for hearing of the case, notice is hereby given that person having any interest in the Administration of estate of the said concerned may if he/she desire appear in this court the said 02.11.2026 and see the proceedings before the grant of probate (or for letter of Administration).
Given under my hand and the seal of this court on this **17th day ofJuly, 2026.**
Seal Sd/-
District Judge-II, (N/W) Rohini Court, Delhi.

कार्यालय
सीनियर जियोफिजिसिस्ट,
भूगर्भ जल विभाग, जियोफिजिकल सर्वे खण्ड, 295, जयपुर हाउस, आगरा

पत्रांकः 458/भू०ज०वि०/जि०स०ख०आ०/PZ(2026–27)/आगरा / दिनांक 31.07.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदया, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षर कर्ता द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा के माध्यम से भूगर्भ जल विभाग, उ०प्र० में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से दिनांक 19.08.2026 के पूर्वान्ह 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्री–क्वालिफिकेशन टेक्निकल बिड उसी दिनांक 19.08.2026 को पूर्वान्ह 11:30 बजे कार्यालय सीनियर जियोफिजिसिस्ट, भूगर्भ जल विभाग, जियोफिजिकल सर्वे खण्ड, 295, जयपुर हाउस आगरा में गठित कमेटी द्वारा खोली जाएगी। निविदा/बिड प्रपत्र दिनांक 12.08.2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की स्थिति में यह बिड अगले कार्य दिवस में उसी समय पर खोली जाएगी। निविदा शुल्क व धरोहर राशि (EMD) कार्यालय सीनियर जियोफिजिसिस्ट, भूगर्भ जल विभाग, 295, जयपुर हाउस कॉलोनी, आगरा में जमा की जाएगी।

क्र. सं.	अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू०) (जी०एस०टी० सहित)	कार्य पूर्ण करने का समय	धरोहर धनराशि (रू०)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू०) (जी०एस०टी० सहित)
1.	01/PZ/GWD/ AGRA/ 2026-27	खण्ड के अन्तर्गत जनपद–आगरा में 04 नं० अक्रियाशील पीजोमीटर के स्थान पर नये पीजोमीटर की स्थापना / निर्माण का कार्य।	482990.10	30 दिवस	9700.00	854.00
2.	02/PZ/GWD/ AGRA/ 2026-27	खण्ड के अन्तर्गत जनपद–मथुरा में 04 नं० अक्रियाशील पीजोमीटर के स्थान पर नये पीजोमीटर की स्थापना / निर्माण का कार्य।	476500.20	30 दिवस	9600.00	854.00
3.	03/PZ/GWD/ AGRA/ 2026-27	खण्ड के अन्तर्गत जनपद–फिरोजाबाद में 04 नं० अक्रियाशील पीजोमीटर के स्थान पर नये पीजोमीटर की स्थापना / निर्माण का कार्य।	480394.10	30 दिवस	9700.00	854.00
4.	04/PZ/GWD/ AGRA/ 2026-27	खण्ड के अन्तर्गत जनपद–मैनपुरी में 04 नं० अक्रियाशील पीजोमीटर के स्थान पर नये पीजोमीटर की स्थापना / निर्माण का कार्य।	478860.20	30 दिवस	9600.00	854.00

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण, विस्तृत नियम व शर्ते तथा बिड प्रपत्र कार्यालय सीनियर जियोफिजिसिस्ट, भूगर्भ जल विभाग, खण्ड आगरा, 295, जयपुर हाउस कालोनी, आगरा से प्राप्त किया जा सकता है।

आर.ओ. संख्या – 254467 दिनांक 5.8.2026
विज्ञापन बेवसाइट **WWW.UP.GOV.IN** पर उपलब्ध है

सीनियर जियोफिजिसिस्ट

AIS

असाही इंडिया ग्लास लिमिटेड

सीआईएनः L26102DL1984PLC019542
पंजीकृत कार्यालयः ए–2/10, प्रथम तल, डब्ल्यूएचएस डीडीए मार्बल मार्केट, कीर्ति नगर, मानसरोवर गार्डन, नई दिल्ली–110015, फोनः (011) 49454900
कॉर्पोरेट कार्यालयः तीसरा एवं ग्यारहवां तल, टॉवर–डी, ग्लोबल बिजनैस पार्क, महरौली–गुड़गांव रोड, गुरूग्राम–122002 (हरियाणा)
फोनः (0124) 4062212–19 फैक्सः (0124) 4062244/88
ई–मेलः investorrelations@aisglass.com | वेबसाइटः www.aisglass.com

30 जून, 2026 को समाप्त पहली तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणाम

(रु. लाख में)

क्र. सं.	विवरण	समाप्त तिमाही 30.06.2026 अलेखापरीक्षित	समाप्त वर्ष 31.03.2026 लेखापरीक्षित	समाप्त तिमाही 30.06.2025 अलेखापरीक्षित
1	प्रचालनों से कुल आय	1,41,914	5,03,103	1,23,951
2	अवधि के लिए निवल लाभ (कर, अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों से पूर्व)	20,265	47,053	7,577
3	कर पूर्व अवधि के लिए निवल लाभ (अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों के बाद)	20,265	45,879	7,577
4	कर पश्चात अवधि के लिए निवल लाभ (अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों के बाद)	14,908	34,506	5,479
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ (कर पश्चात) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल]	14,946	34,642	5,562
6	इक्विटी शेयर पूंजी	2,549	2,549	2,431
7	आरक्षित (पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाये गये पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर)		3,90,660	
8	प्रति शेयर अर्जन (रु. 1/– प्रत्येक) (चालू एवं बंद प्रचालनों के लिए) (वार्षिकीकृत नहीं) क) मूल ख) तनुकृत	5.85 5.85	13.82 13.82	2.31 2.31

30 जून, 2026 को समाप्त पहली तिमाही के लिए मुख्य एकल वित्तीय जानकारी

(रु. लाख में)

क्र. सं.	विवरण	समाप्त तिमाही 30.06.2026 अलेखापरीक्षित	समाप्त वर्ष 31.03.2026 लेखापरीक्षित	समाप्त तिमाही 30.06.2025 अलेखापरीक्षित
1	परिचालन से कुल आय	1,32,650	4,71,978	1,15,617
2	कर से पहले लाभ	20,398	44,859	7,239
3	कर के बाद लाभ	15,145	32,994	5,337

1. उपरोक्त परिणाम सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज के साथ दाखिल तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बीएसई एवं एनएसई की वेबसाइट क्रमशः www.bseindia.com एवं www.nseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.aisglass.com पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त परिणामों की 4 अगस्त, 2026 को आयोजित अपनी बैठक में लेखापरीक्षा एवं जोखिम प्रबंधन समिति द्वारा समीक्षा की गई है और निदेशक मंडल द्वारा 5 अगस्त, 2026 को आयोजित अपनी बैठक में अनुमोदित किया गया है।
3. कम्पनी के वित्तीय परिणामों को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के साथ पठित उसके अधीन बनाए गए नियमों और भारत में सामान्यता स्वीकार्य अन्य लेखाकरण सिद्धांतों के अंतर्गत निर्धारित इंड एएस 34 अंतरिम वित्तीय रिपोर्टिंग में मान्यताप्राप्त एवं मापक सिद्धांतों के अधीन कम्पनी (भारतीय लेखाकरण मानक) (संशोधन) नियम, 2016 द्वारा यथासंशोधित कम्पनी (भारतीय लेखाकरण मानक) (संशोधन) नियम, 2015 के अंतर्गत अधिसूचित भारतीय लेखाकरण मानक ("इंड एएस") के अनुरूप तैयार किया गया है।

कंपनी की वेबसाइट पर परिणाम देखने के लिए उपरोक्त क्यूआर कोड स्कैन करें

कृते निदेशक मंडल की ओर से

स्थानः गुरूग्राम
दिनांकः 5 अगस्त, 2026

संजय लाबरू
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाने संबंधी बिल को संसद की मंजूरी

विशेष प्रतिनिधि

नई दिल्ली। संसद ने उच्चतम न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश समेत न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 34 से बढ़ाकर 38 करने के प्रावधान वाले विधेयक को बुधवार को मंजूरी प्रदान कर दी।

राज्यसभा ने उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीश संख्या) संशोधन विधेयक, 2026 को चर्चा के बाद ध्वनिमत से लौटा दिया। लोकसभा इस विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है। उच्च सदन में बैठक दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे शुरू हुई तो कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इस विधेयक को चर्चा और लौटाने करने के लिए पेश किया।इस दौरान कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के सदस्य राम मंदिर चढ़ावा चोरी और दिल्ली में छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर नारेबाजी कर रहे थे। उपसभापति हरिवंश ने हंगामा कर रहे सदस्यों से अपनी सीटों पर बैठने का आग्रह करते हुए उनसे विधेयक पर चर्चा में भाग लेने को कहा, लेकिन हंगामा नहीं थमा।हंगामे के बीच ही उपसभापति ने विधेयक पर चर्चा शुरू करवाई जिसमें विभिन्न दलों के सदस्यों ने भाग लिया। चर्चा के दौरान कांग्रेस सहित विपक्ष के विभिन्न दलों के सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया। बाद में तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, आम आदमी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, माकपा, झारखंड मुक्ति मोर्चा आदि दलों के सदस्य सदन में वापस आ गए और उन्होंने चर्चा में भाग भी लिया। विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए मेघवाल ने कहा कि यह विधेयक न्यायिक क्षेत्र में सुधार शृंखला की कड़ी है जिसके माध्यम से उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों की संख्या बढ़ने से मामलों के निपटारे में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि 1950 में जब उच्चतम न्यायालय की शुरुआत हुई थी, उस समय प्रधान न्यायाधीश सहित न्यायाधीशों की कुल संख्या आठ थी जो अब बढ़कर 38 हो गई है।मेघवाल ने मानसून सत्र के पहले दिन 20 जुलाई को यह विधेयक पेश किया था।इसी साल मई में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने से संबंधित विधेयक को मंजूरी दी थी। इसके तुरंत बाद सरकार अध्यादेश लेकर आई। अध्यादेश के बाद बढ़ाई गई स्वीकृत संख्या के आधार पर उच्चतम न्यायालय में पांच न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई। उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या इससे पहले 2019 में बढ़ाई गई थी। उस समय प्रधान न्यायाधीश को छोड़कर न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 30 से बढ़ाकर 33 की गई थी। मेघवाल ने कहा कि स्वतंत्र भारत में शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की गई और उसी मूल भावना को देखते हुए अब लंबित मामलों की संख्या को कम करने के लिए न्यायाधीशों की संख्या अब 34 से बढ़ाकर 38 की गई है।

रेलवे ने आरएसी यात्रियों को बिस्तर व कंबल देने का निर्देश दोहराया

नई दिल्ली, (भाषा)। रेल मंत्रालय ने रिजर्वेशन अगेंस्ट कैंसिलेशन (आरएसी) टिकट पर यात्रा करने वाले यात्रियों को बिस्तर और कंबल (बेडरोल किट) उपलब्ध कराने के अपने निर्देश को एक बार फिर दोहराया है। यह कदम लगभग सभी रेलवे मंडलों से इस संबंध में लगातार शिकायतें मिलने के बाद उठाया गया है। आरएसी व्यवस्था में एक सीट पर दो यात्रियों को यात्रा की अनुमति दी जाती है। रेल मंत्रालय ने चार अगस्त को जारी एक पत्र में कहा, आरएसी यात्रियों को बेडरोल किट उपलब्ध नहीं कराए जाने या अपर्याप्त संख्या में उपलब्ध कराए जाने संबंधी शिकायतें विभिन्न माध्यमों से लगातार प्राप्त हो रही हैं। पत्र में कहा गया है, उपरोक्त के मद्देनजर यह निर्देश दोबारा जारी किया जाता है कि रेलवे बोर्ड के आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए।

राष्ट्रपति मुर्मू को मिले 300 उपहारों की ई-नीलामी शुरू

नई दिल्ली, (भाषा)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को प्राप्त 300 उपहारों की ई-नीलामी बुधवार से शुरू हो गई। यह नीलामी ई-उपहार के तीसरे संस्करण का हिस्सा है। यह एक अनूठी पहल है, जिसके तहत राष्ट्रपति को औपचारिक अवसरों पर प्राप्त उपहारों को सामाजिक कल्याण के लिए संसाधनों में बदला जाता है।

राष्ट्रपति भवन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि तीसरे संस्करण में राष्ट्रपति को प्राप्त 300 प्रमाणित उपहार शामिल हैं, जो भारत की समृद्ध कलात्मक परंपराओं, हस्तशिल्प और कूटनीतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करते हैं। नीलामी सूची में राष्ट्रपति मुर्मू को विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्षों और सरकार प्रमुखों, संवैधानिक पदाधिकारियों, राज्य सरकारों, मंत्रालयों, सांस्कृतिक संस्थानों तथा विशिष्ट हस्तियों द्वारा भेंट किए गए उपहार शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक उपहार की पेशेवर तरीके से पहचान की गई है, उसका दस्तावेजीकरण, फोटोग्राफी और सूचीकरण किया गया है, ताकि उसकी प्रामाणिकता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। राष्ट्रपति की परिकल्पना के अनुरूप, नीलामी से प्राप्त होने वाली 100 प्रतिशत राशि दो महत्वपूर्ण सामाजिक कल्याण पहलों पर खर्च की जाएगी, जिनमें अनुसूचित जनजाति (एसटी) तथा अन्य वंचित समुदायों की स्कूली छात्राओं के लिए शैक्षिक सहायता, छात्रवृत्ति और कौशल विकास तथा जानलेवा बीमारियों से पीडति बच्चों के लिए मान्यता प्राप्त धर्मार्थ एवं चिकित्सा संस्थानों के माध्यम से उपशामक (पैलिएटिव) देखभाल, बाल कैंसर उपचार और अन्य स्वास्थ्य सहायता शामिल हैं।

अभिनेता प्रदीप रावत पंचतत्व में विलीन

मुंबई, (भाषा)। कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद 74 वर्ष की उम्र में दुनिया को अलविदा कहने वाले वरिष्ठ अभिनेता प्रदीप रावत बुधवार को पंचतत्व में विलीन हो गए।

रावत के परिजन, करीबी मित्र और फिल्म लगान की टीम के सदस्यों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। अभिनेता आमिर खान और फिल्मकार आशुतोष गोवारिकर भी रावत को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। सरफरोश और गजनी जैसी हिंदी फिल्मों के अलावा कई दक्षिण भारतीय फिल्मों तथा टीवी धारावाहिकों में अभिनय कर चुके रावत का मंगलवार को मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। रावत का अंतिम संस्कार गोरेगांव में किया गया, जहां परिजनों, करीबी मित्रों और फिल्म जगत से जुड़े कई कलाकारों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।अंतिम संस्कार से पहले आमिर खान और आशुतोष गोवारिकर के अलावा लगान के कलाकार अखिलेंद्र मिश्रा, दया शंकर पांडे और अमीन हाजी ने भी प्रदीप रावत को श्रद्धांजलि दी।दया शंकर पांडे ने पीटीआई-भाषा से कहा, दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग में उनकी पहचान अमरीश पुरी जैसी थी। उन्होंने 400 से अधिक फिल्मों में काम किया। प्रदीप का व्यक्तित्व बेहद प्रभावशाली था। अब हमने लगान परिवार का एक और सदस्य खो दिया है। वह वर्ष 2001 में आई फिल्म लगान में अहम भूमिका निभाने वाले कलाकार राजेश विवेक उपाध्याय, श्रीवल्लभ व्यास और जावेद खान अमरोही के निधन का जिक्र कर रहे थे। आमिर खान ने रावत के अभिनय के प्रति समर्पण को याद किया।आमिर ने वैरायटी इंडिया से कहा, वह अपने काम के प्रति बेहद समर्पित और निडर अभिनेता थे। गजनी में उन्होंने महत्वपूर्ण किरदार निभाया था। मेरे हिसाब से वह भारतीय सिनेमा के सबसे प्रभावशाली खलनायकों में से एक थे। उनके बिना यह फिल्म सफल नहीं हो सकती थी। प्रदीप रावत को महाभारत में अश्वत्थामा की भूमिका से पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने तहकीकात, चंद्रकांता और युग जैसे लोकप्रिय धारावाहिकों में काम किया। हिंदी फिल्मों में उन्होंने अग्निपथ, मेरी जंग, सरफरोश, द हीरो: लव स्टोरी ऑफ ए स्पाई और छावा जैसी फिल्मों में भी अभिनय किया।दक्षिण भारतीय फिल्मों में भी उन्होंने खलनायक की भूमिकाओं से खास पहचान बनाई और साय, मंगला तथा नायक जैसी फिल्मों में उनके अभिनय को सराहा गया। उन्होंने पहले सूर्या अभिनीत तमिल फिल्म गजनी में खलनायक की भूमिका निभाई थी और बाद में आमिर खान अभिनीत इसके हिंदी संस्करण में भी वही भूमिका दोहराई।

देश की 609 जेलों में स्वीकृत क्षमता से अधिक कैदी: सरकार

नई दिल्ली, (भाषा)। सरकार ने बुधवार को राज्यसभा को बताया कि 2024 में भारत की जेलें 112.7 प्रतिशत क्षमता के साथ संचालित हुईं और 609 जेलों में उनकी स्वीकृत क्षमता से अधिक कैदी थे। जेल में कैदियों की संख्या के बारे में पूछे एक प्रश्न के लिखित उत्तर में गृह राज्य मंत्री बी. संजय कुमार ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के नवीनतम आंकड़े पेश किए। आंकड़ों के अनुसार, जेलों में 4,53,769 कैदियों की स्वीकृत क्षमता थी, लेकिन 31 दिसंबर 2024 की स्थिति के अनुसार जेलों में 5,11,542 कैदियों को रखा गया था। आंकड़ों से पता चला कि कैदियों की संख्या स्वीकृत क्षमता से 57,773 अधिक है और देश भर की जेलें 112.7 प्रतिशत क्षमता के साथ संचालित हो रही हैं। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में, दिल्ली में 10,026 की स्वीकृत क्षमता के मुकाबले 19,512 कैदी थे जबकि मेघालय में 860 की क्षमता के मुकाबले 1,406 कैदी थे। वहीं, जम्मू कश्मीर में 3,629 की स्वीकृत क्षमता के मुकाबले 5,383 कैदी थे। विचाराधीन कैदियों के संबंध में पूछे गए एक अन्य सवाल के लिखित जवाब में मंत्री ने बताया कि 31 दिसंबर 2024 तक देश में 3,71,440 विचाराधीन कैदी थे।